

इल्हामी दुरूदो सलाम रूहानी ईद मीलादुन्नबी ﷺ

व सलामे मोहम्मदी ﷺ

व

दुआए अस्रारे क़ल्बी

मोहम्मद अज़ीज़ सुल्तान नाचीज़

786/92

इल्हामी दुरूदो सलाम

रूहानी ईद मीलादुन्नबी ﷺ

۷۸۶/۹۲

نقش تحفۂ روحانی وحل المشکلات

مَعَ اسْمِ اللهِ الْمَلِكِ السَّلٰمِ

ص م ح م د صلی اللہ علیہ وسلم

ص ح م د م صلی اللہ علیہ وسلم

ص م د م ح صلی اللہ علیہ وسلم

ص د م ح م صلی اللہ علیہ وسلم

اس نقش کو دیکھنے والے کی
ہر مشکل حل ہوگی انشاء اللہ

सलामे मोह़म्मदी ﷺ

चहल मीम ग़ैर मन्कूत़ 13

व



दुआए अस्रारे क़ल्बी

पेशकश

बमौक़ा रबीउ़ल्अव्वल 1438हि0

बफ़ैज़े रूहानी सय्यिदुना मोह़युद्दीन
व सय्यिदुना मोईनुद्दीन व ह़ज़रात
मख़्दूमीन सादात चौदहों पीराँ رضی اللہ عنہم

मोह़म्मद अ़ज़ीज़ सुल्त़ान नाचीज़

बिस्मिल्लाहिर्रह़मानिर्रह़ीम

अ़र्ज़े मुतर्जिम

नह़ मदुहू व नुसल्ली व नुसल्लिमु अ़ला रसूलिहिल करीमि सय्यिदिल आ़लमी न मुह़म्मदिवँ व आलिही अज्मई़न ।

पेशे नज़र किताब"स़लातु बशाइरिल ख़ैराति अ़लन्नबिय्यि ﷺ" नूरे मुस्त़फ़ा ﷺ व नुरे नज़रे अहले बैत सय्यिदी व मुर्शिदी रूह़ी व क़ल्बी बाज़े अश्हब मुह़युद्दीन शैख़ अ़ब्दुल क़ादिर जीलानी रदि़यल्लाहु अ़न्हु की त़स्नीफ़े लत़ीफ़ है इस किताब को हमारे सरकार ग़ौसुल अअ़ज़म रदि़यल्लाहु अ़न्हु ने ज़ालि क फ़दलुल्लाहि युअतीहि मँय्यशाउ के फ़ज़्लो अ़त़ीयए रब्बानी में शराबोर हो कर वत्तबिअ़ मा यूह़ा इलै क की इत्तेबाअ़ करते हुए व मँय्युअ तल ह़िक्म त फ़

क़द ऊति य ख़ैरन कसीरन के बह़रे ख़ैरो ह़िक्मत से व अ़ल्लमनाहु मिल्लदुन्ना इ़ल्मन के मक़ामे तिल्मीज़ुर्रह़मान पर फ़ाएज़ हो कर नून वल क़ लमि वमा यस्तुरू न के नूरानी क़लम से रक़्म फ़रमाया है इस दुरूद का हर ह़र्फ़ो कल्मा नूरो ह़िक्मत के ख़ज़ाएने रूह़ानिया व अस्रारे ग़ैबिया व मुशाहदाते क़ल्बिया के समुन्दर से लबा लब है जो तश्नगाने रूह़ानियत के लिए आबे कौसर,मुर्दा दिलों के लिए आबे ह़यात,अज़्दहाए नफ़्सानियत के डसे हुओं के लिए तिर्याक़ और ग़म्ज़दों व दुख के मारों के लिए सकीनए रूह़ानिया है,नीज़ गुनहगारों के लिए व यग़ फ़िर ल कुम का मुज़्दा है और ख़ल्क़े ख़ुदा के लिए हुदल्लिन्नासि व बय्यिनातिम मिनल हुदा का नूरे सिराते मुस्तक़ीम है यह दुरूद इल्हामी है जिसे सय्यिदी हुजूर ग़ौसुल अअ़ज़म रदि़यल्लाहु

अ़न्हु ने अल्लाह तआ़ला से इल्हाम के वास्ते से ह़ासिल फ़रमाया और इसे अपने जद्दे अम्जद नबी करीम ﷺ की बारगाहे अक़्दस में पेश फ़रमाया तो आक़ा ﷺ ने ख़ुद इस दरूद की फ़ज़ीलत ब्यान फ़रमाई जैसा की इस दुरूद के फ़ज़ाएल में जुम्ला तफ़सीलात मौजूद हैं,यह दुरूद सय्यिदी हुजूर ग़ौसुल अअ़ज़म रदि़यल्लाहु अ़न्हु के मख़्सूस ख़ुल्फ़ा व मुरीदीन के मअ़मूल में रहा है, फ़िल ह़ाल उम्मते मुह़म्मदिया ﷺ को आ़म तौ़र से इस दुरूद की बरकतों से माला माल होने के लिए ह़ज़रात मख़्दूमीन सादात चौदहों पीराँ रदि़यल्लाहु अ़न्हुम की दस्तगीरी से अ़रबी दुरूद का तर्जमा करने की इस आ़जिज़ व कम्तर को तौफ़ीक़ म रह़मत हुई अल्लाह इसे अपने ह़बीब ﷺ और अहले बैत केराम और सय्यिदी हुजूर ग़ौसुल अअ़ज़म रदि़यल्लाहु अ़न्हुम के

वास्ते से क़बूल फ़रमाए और इस दुरूद को उम्मते मुहम्मदिया ﷺ के हर ख़ास़ो आ़म को पढ़ने की तौफ़ीक़ अ़ता फ़रमाए और सय्यिदी हुजूर ग़ौसुल अअ़ज़म रदि़यल्लाहु अ़न्हु की दस्तगीरी से दाइमी त़ौर पर माला माल फ़रमाए आमीन बिजाहे सय्यिदिल मुर्सलीन वल ह़म्दु लिल्लाहि रब्बिल आ़लमीन व स़ल्लल्लाहु अ़ला ह़बीबिही सय्यिदी मुह़म्मदिवँ व आलिही व स़ह़बिही अज्मई़न बि अ़ द दि इ़ल्मिश शैख़ि अ़ब्दिल क़ादिरल जीलानिय्यि।

जारूब कश
ब आस्तानए आ़लिया
ह़ज़रात मख़्दूमीन सादात चौदहों पीराँ
रदि़यल्लाहु अ़न्हुम
मौलाना मुफ़्ती
मोह़म्मद ह़ामिद रज़ा सुल्त़ानी
9695435877

स़लातु बशाइरिल ख़ैराति अ़लन्नबिय्यिﷺ

बिस्मिल्लाहिर्रह़मानिर्रह़ीम

हाज़िही "स़लातु बशाइरिल ख़ैराति अ़लन्नबिय्यिﷺ" तालीफ़ु इमामिल अइम्मति अश्शैख़ि अ़ब्दिल क़ादिरिल जीलानीयि न फ़ अ़ नल्लाहु बि ब र क तिही आमीन

व स़ल्लल्लाहु अ़ला सय्यिदिना मुह़म्मदिवँﷺ व अ़ला आलिही व स़ह़बिही व सल्ल म

अल्ह़म्दुलिल्ला हिल्लज़ी मन्न अ़लैना बिनिअ़मतिल ईमानि वल इस्लामि क़ा ल इमामुल अइम्मति व शैख़ुल उम्मति सय्यिदुल अन्जाबि व क़ुत्बुल अक़्ताबिल ग़ौसुल अ़ज़ीमु अस्सय्यिदु अ़ब्दुल क़ादिरिल जिलानीयि लि बअ़दि इख़्वानिही फ़िद्दीनिः ख़ुज़ू मिन्नी हाज़िहिस़्सला त फ़ इन्नी क़द अख़ज़्तुहा बिइल्हामिम्मिनल्लहि अ़ज़्ज़ व जल्ल सुम्म अरत्तुहा अ़ लन्नबिय्यि व अरत्तु अन अस अ ल हू अ़न सवा बिहा फ़ अख़्ब

रनी क़ब्ल अन अस्अ लहू फ़ का ल ली लहा मिनल फ़दलि शैउन ग़रीबुन ला यन्हसिरु फ़ इन्नहा तर फ़ उ अस्हा बहा इला अअ लद्द र जाति व इज़ा क़ स द अम्रन ला यख़ीबु ज़न्नुहू व ला तुरद्दु लहू दअ वतुन इन्दल्लाहि व मन क़ र अ हा मर्रतवँ वाहि द तन ग़ फ़ रल्लाहु लहू व लिमन फ़िल मज्लिसि व इन ह़ द़ ऱ, अ ज लुहू इन्दल मौति ह़ द़ र इन्दहू अर ब अ तुम्मिनल मलाइ कति।

अल अव्वलुः यम्नउ़श्शैत़ा न वस्सानीः युलज़िमुहू कलि म त यिश्शहादति वस्सालिसुः यस्क़ीहि बि कअसिम्मिनल कौसरि वर्राबिउ़ः बियदिही त़ा स तुम्मिनज़्ज़ हबि ममलू अतुम्मिन सिमारिल जन्नति व य कूलुल्लाहु लहू अबशिर या अ़ब्दल्लाहि उन्जुर ल क मन्ज़िलन फ़िल जन्नति फ़ यन्जुरु फ़ यराहु बिऐनैहि क़ब्ल अन तख़ुज रूहुहू व यदख़ुलल्जन्न त व फ़ी क़ब्रिही आमिनन व ला यरा फ़ीहि वह़शतवँ व ला द़ीक़न व युफ़्तहु लहू अर बऊ़ न बाबम्मिनर्रह़मति व

युअ़ल्लकु अ़ला रअसिही क़िनदीलुम मिनन्नूरि युब्अ़सु बिही यौमल क़ियामति व अ़ँय्यमीनिही म ल कुन युबशशिरुहू व अ़न शिमालिही म ल कुन युअम्मिनुहू व अ़लैहि हुल्लतानि व युहदा लहू नजीबुम्मिनल जन्नति यर क बु अ़लैहि व ला यरा ह़स्रतवँ व ला नदामतवँ व ला युह़ासबु बिसूइल अ़ म लि व इज़ा मर्र अ़लस़्सिराति फ़ तकूलु लहुन्नारु जुज़ सरीअ़न या अ़तीक़ल्लाहि इन्ननी मुह़र्रमतुन अ़लै क वदख़ुलिल्जन्न त मिन अय्यि बाबिन तशाउ कुल्लु ज़ालि क फ़िल जन्नति युअ़ता इलैहि, व लिकुल्लि बाबिन अर बऊ़ न कुब्बतम मिनल फ़िद्दति, फ़ी कुल्लि कुब्बतिम मि अ तु ख़ै मतिम मिनन्नूरि, फ़ी कुल्लि ख़ै मतिन सरीरुम मिनल काफ़ूरि, अ़ला कुल्लि सरीरिन फ़िराशुम मिनस्सुनदुसि, अ़ला कुल्लि फ़िराशिन जारियतुम मिनल हूरिल ईनि ख़ ल क़ हल्लाहु मिनत़्तीबिल मुत़य्यबि क अन्नहल बदरु लै ल तत्तमामि सुम्म युअ़त़ीहिल्लाहु माला ऐनुन र अत व ला उज़ुनुन समिअ़त व ला ख़

त़ र अ़ला क़ल्बि ब श रिन व फ़िल ख़ ब रि
अ़निन्नबीयि लै ल तन उस्रि य बिही इला ह़द़ र
ति रब्बिही फ़ क़ालल्लाहु अ़ज़्ज़ व जल्ल व
अ़लाः अस्समावातु लिमन या मुह़म्मदुﷺफ़ क़ा
ल लहू ल क या रब्बु, फ़ क़ा ल लहू अन्त
लिमन या मुह़म्मदुﷺ फ़ क़ा ल लहू ल क या
रब्बु,फ़ क़ा ल ल हू अना लिमन या
मुह़म्मदुﷺफ़ स क तन्नबिय्यु व म न अ़ हुल
ह़याउ अँय्यकू ल लहू शैअन फ़ क़ा ल लहुल
जलीलु जल्ल व अ़ला अना लिमन स़ल्ल अ़लै
क,ज़ा द तशरीफ़वँ व तअ़ज़ीमन, फ़ क़ा ल लहू
सय्यिदी अ़ब्दुल क़ादिरिल जीलानीयु ह़ाज़िहिस
स़लातु यलीकु बिहल ह़दीसु व हाज़िहिस़्सलातु
तफ़्तहु सर्ह़ न बाबम मिनर्रह़मति व तुज़्हिरु
अ़जाइ बहा मिन त़रीक़िल ह़िक्मति व ख़ैरुम मिन
इ़ल्कि अल्फ़ न स मतिवँ व नह़रि अल्फ़ ब द
न तिवँ व स़ द क़ तिल फ़ादी न व सियामि
अल्फ़ शहरिवँ व फ़ीहा सिर्रुम मक्नूनूँ व हि य
तज्लिबुल अरज़ा क़ व तुत़य्यिबुल अख़्ला क़ व

तक़्दिल ह़वाइ ज व तग़फ़िरुज़्ज़ुनू ब व तस्तुरुल उ़यू ब व तुइ़ज़्ज़ुज़्ज़ली ल क़ा ल सय्यिदी मकीनुद्दीनि कानत हाज़िहिस़्सलातु ला तुअ़ता इल्ला लि र जुलिन कामिलिल ख़सा़इलि व कसीरिन नवाइलि व इन्न सा़हि़ ब हाज़िहिस़्सलाति इ़ज़ा अहम्महू अम्रुम मिन उमूरिद्दुन्या वल आख़िरति कुल्लु स़लातिन क़ र अहा मिन हाज़िहिस़्सलाति कानत लहू शफ़ाअ़तुन इ़न्दन्नबिय्यि व हि य स़लातुल लिलमुस़ल्ली न व कुरआनुल लिज़्ज़ाकिरी न व मौइ़ज़तुल लिलमुत्तक़ी न व वसीलतुल लिलमु तवस्सिली न व हि य हाज़िहिस़्सलातु अल महकी अ़न्हा।

तर्जमा :- अल्लाह के नाम से शुरूअ़ जो बड़ा मेहरबान निहायत रह़म फ़रमाने वाला है

यह "स़लातु बशाइरिल ख़ैराति अ़लन्नबिय्यि" ﷺ (नबी करीम ﷺ पर भलाइयों की बशारतों वाला दुरूद) इमामुल अइम्मा सय्यिदुना शैख़ अ़ब्दुल क़ादिर जीलानी रदियल्लाहु अ़न्हु की तालीफ़ है (अल्लाह हमें आप की बरकतों से माला माल फ़रमाए आमीन)

अल्लाह दुरूदो सलाम नाज़िल फ़रमाए हमारे सरदार मोहम्मद ﷺ पर और आप ﷺ की आले पाक पर और आप ﷺ के अस्हाबे पाक पर।

तमाम तअ़रीफ़ उस अल्लाह के लिए है जिस ने एहसान फ़रमाया हम पर ईमान और इस्लाम की नेअ़मत से,इमामुल अइम्मा शैखुल उम्मत सय्यिदुल अन्जाब कुत्बुल अक़्ताब ग़ौसुल अअ़ज़म हज़रत शैख़ अ़ब्दुल क़ादिर जीलानी रदियल्लाहु अ़न्हु ने अपने बअ़ज़ दीनी भाइयों से फ़रमाया:कि तुम मुझ से यह दुरूद ले लो क्यों कि मैं ने इस को अल्लाह अ़ज़्ज़ व जल्ल से इलहाम के वास्ते से लिया है फिर मैंने इस दुरूद को नबी करीम ﷺ की बारगाहे अक़्दस में पेश किया मेरा इरादा था कि हुज़ूर अक़्दस ﷺ से इस दुरूद के सवाब के बारे में पूछूँगा लेकिन हुज़ूर ﷺ ने मेरे सवाल करने से पहले ही मुझे बता दिया और आप ﷺ ने मुझसे फ़रमाया इस दुरूद की फ़ज़ीलत इतनी ज़्यादा है जिसे कोई एहाता नहीं कर सकता, इस दुरूद को पढ़ने वाला निहायत अअ़ला मर्तबा पर फ़ाएज़ होगा जब भी वह किसी चीज़ का इरादा करेगा तो वह नामुराद न होगा, और अल्लाह की बारगाह में उसकी कोई भी दोआ़ रद न की जाएगी, जिस शख़्स ने इसे एक बार भी पढ़ लिया तो

अल्लाह उसे बख़्श देगा और उन्हें भी बख़्श देगा जो उस मज्लिस में होंगे, और जब उसकी मौत का वक़्त आएगा तो उस वक़्त उस के पास चार फ़िरिश्ते ह़ाज़िर होंगे, उन में से पहला फ़िरिश्ता इस दुरूद को पढ़ने वाले से शैत़ान को दूर भगाएगा और दूसरा फ़िरिश्ता उसे कल्मए तौह़ीद व कल्मए रिसालत का पाबंद करेगा और तीसरा फ़िरिश्ता उसे जामे कौसर से सैराब करेगा और चौथे फ़िरिश्ते के हाथ में एक सोने का त़श्त होगा जो जन्नती फलों से भरा होगा और अल्लाह उस से फ़रमाएगा ऐ अल्लाह के बन्दे तू ख़ुश होजा देख जन्नत में यह तेरा मह़ल है तो वह उसे देखेगा लेह़ाज़ा वह जन्नत में अपना मह़ल अपनी रूह़ के निकलने से पहले ही देख लेगा और वह जन्नत में दाख़िल हो जाएगा उस की क़ब्र में अम्नो चैन होगा उसे उस में ना तो कोई वह़शत होगी ना ही कोई तंगी, वहाँ उस के लिए रह़मत के चालीस दरवाज़े खोल दिए जाएंगे और उस के सर पर नूर की क़िन्दील लटकाई जाएगी उसी के साथ वह क़यामत के दिन उठाया जाएगा उस के दाएँ जानिब एक फ़िरिश्ता रहेगा जो उसे बशारत देगा और बाएँ जानिब भी एक फ़िरिश्ता होगा जो उसे दिलासा देता होगा, और उस पर दो जोड़े होंगे, उस के लिए जन्नती नजीब ब त़ौरे हदया पेश किया जाएगा जिस पर

वह सवार होगा उसे ना तो कोई ह़सरत होगी और ना ही कोई नदामत और ना उस के किसी बुरे अ़मल का ह़िसाब लिया जाएगा, जब वह पुल सि़रात़ पर गुज़रेगा तो जहन्नम उस से कहेगी ऐ अल्लाह के आज़ाद करदा बन्दे तू तेज़ी से गुज़र जा क्यों कि मैं तुझ पर ह़राम कर दी गई हूँ और तू जन्नत में जिस दरवाज़े से चाहे दाख़िल हो जा, जन्नत में उसे सारी नअ़मतें दी जाएंगी और हर जन्नत के दरवाज़े के लिए चाँदी के चालीस कुब्बे होंगे और हर कुब्बे में नूर के सौ १००, ख़ेमे होंगे और हर ख़ेमे में काफ़ूर का तख़्त होगा, हर तख़्त पर रेशम का बिस्तर होगा, और हर बिस्तर पर हूरुल ईन होगी जिसे अल्लाह ने इस क़दर सुथरा और पाकीज़ा बनाया है गोया कि वह चौदहवीं का चाँद हो, फिर अल्लाह उसे ऐसी नेअ़मतें अ़त़ा फ़रमाएगा जिसे ना तो किसी आँख ने देखा होगा, ना किसी कान ने सुना होगा और ना कभी किसी बशर के दिल में ख़्याल गुज़रा होगा। ह़दीसे पाक में नबी करीमﷺसे मर्वी है कि शबे मेअ़राज जब आपﷺको आप के रब के हुज़ूर ले जाया गया तो अल्लाह अ़ज़्ज़ व जल्ल ने आप से फ़रमाया ऐ (मेरे ह़बीब)मोह़म्मदﷺयह आसमान किस का है तो आपﷺने अ़र्ज़ किया ऐ मेरे रब, तेरा है, फिर अल्लाह ने आपﷺसे फ़रमाया

ऐ (मेरे ह़बीब) मोह़म्मद ﷺ आप किस के लिए हैं तो आप ﷺ ने अ़र्ज़ किया ऐ मेरे रब, मैं भी तेरे लिए हूँ, फिर अल्लाह ने आप ﷺ से फ़रमाया ऐ (मेरे ह़बीब) मोह़म्मद ﷺ बताओ मैं किस के लिए हूँ? तो नबी करीम ﷺ खामोश रहे और आप ﷺ को रब के हुजूर कुछ कहने से ह़या सी आगई फिर रब्बे जलील ने आप ﷺ से फ़रमाया ऐ मेरे ह़बीब ﷺ मैं उस के लिए हूँ जो आप पर दुरूद भेजे, फिर अल्लाह ने आप ﷺ को कमाल शराफ़तो बुजुर्गी और अ़ज़मतो बुलन्दी से सर फ़राज़ फ़रमाया, उस के बाद हुजूर सय्यिदी अ़ब्दुल क़ादिरजीलानी रदि़यल्लाहु अ़न्हु ने अपने उस दीनी भाई से फ़रमाया इस दुरूद के साथ इस ह़दीस की मुकम्मल मुनास्बत है, यह दुरूद रह़मत के सत्तर दरवाज़े खोलता है और ह़िक्मत के त़रीक़े से अपने अ़जाएबात का जुहूर फ़रमाता है, यह हज़ारों ग़ुलाम आज़ाद करने, हज़ारों क़ुर्बानी के जानवर क़ुर्बान करने,तमाम फ़िदया देने वालों के स़दक़ा करने और हज़ारों महीना रोज़ा रखने से बेहतर है, इस में पोशीदह राज़ है कि यह रिज़्क़ में कुशादगी पैदा करता है, अख़्लाक़ को पाकीज़ा बनाता है और जुम्ला ज़रूरतों को पूरा करता है, गुनाहों को मिटा देता है ऐबों को ढाँप लेता है, और ज़लील को इ़ज़्ज़त बख़्शाता है, सय्यिदी मकीनुद्दीन ने फ़रमाया कि यह दुरूद उस

शख़्स को दिया जाता है जो कामिल ख़स्लतों वाला और कसीर नवाज़िश करने वाला हो, इस दुरूद को पढ़ने वाले को जब भी दुन्यवी व उख़रवी मोआ़मलात में से कोई मोआ़मला दर पेश हो तो इस दुरूद को मुकम्मल तौर से पढ़े तो यह दुरूद उसके लिए नबी करीम ﷺ की बारगाहे अक़्दस में शफ़ीअ़ होगा, बल कि ह़क़ीक़त यह है कि यह दुरूद नमाज़ियों के लिए नमाज़ है, ज़िक्र करने वालों के लिए कुर्आन है, और परहेज़गारों के लिए नसीह़त है और वसीला ढूँढ़ने वालों के लिए वसीला है जिस दुरूद के बारे में यह तमाम फ़ज़ीलतें बयान की गई हैं वह यह है।

नोटः- आस्तान-ए-ह़ज़रात मख़्दूमीन सादात चौदहों पीराँ رضی اللہ عنہم से मुतअ़ल्लिक़ जुम्ला मत़बूआ़त मस्लन "दुरूदे रूह़ानी व दोआ़-ए-क़ल्बी, दुरूदे मोह़म्मदी, सलामे मोह़म्मदी मअ़ अस्रारे "मीम ह़ा मीम दाल" और दुरूदे चहल मीम" वग़ैरह **www.syed14peer.com** पर मुलाह़ज़ा कर सकते हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़मानिर्रह़ीम

अल्लाह के नाम से शुरूअ़ जो बड़ा मेहरबान निहायत रह़म वाला है।

व बिही नस्तई़नु

और हम उसी से मदद चाहते हैं

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुह़म्मदिनिल बशीरिल मुबश्शिरि लिल्मुअमिनीन बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमुः व अन्नल्ला ह ला युज़ीउ़ अज्रल मुअमिनीन

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार मोह्मद ﷺ पर जो मोमिनों को बशारत देने वाले और खुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस ह़क़ के वास्ते कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया, बेशक अल्लाह ईमान वालों के अज्र को ज़ाएअ़ नहीं करता,

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुह़म्मदिनिल बशीरिल मुबश्शिरि लिज़्ज़ाकिरी न बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमुः फ़ज़्कुरूनी अज़्कुर्कुम, उज़्कुरुल्ला ह ज़िक्रन कसीरवँ व सब्बिहू हु बुक्रतवँ व असीलन,

हुवल्लज़ी युस़ल्ली अ़लैकुम व मलाइकतुहू लियुख़रि ज कुम मिनज़्ज़ुलुमाति इलन्नूरि व का न बिलमुअमिनी न रह़ीमन, तह़िय्यतुहुम यौ म यल्क़ौनहू सलामूँ व अ अ़द्द लहुम अज्रन करीमन,

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार मोह़म्मद ﷺ पर जो ज़िक्र करने वालों को बशारत देने वाले और ख़ुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस ह़क़ के वास्ते कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया, तुम मुझे याद करो मैं तुम्हें याद करूँगा, तुम अल्लाह को ख़ूब ख़ूब याद करो,और उसकी पाकी बोलो सुब्ह़ो शाम वह वही है जो तुम पर रह़मतें नाज़िल फ़रमाता है और उस के फ़िरिश्ते भी ता कि तुम्हें तारीकियों से निकाल कर नूर की त़रफ़ ले जाए और वह मोमिनों पर बड़ा मेहरबान है, जिस दिन वह उस से मुलाक़ात करेंगे तो उनका तोह़फ़ा सलाम होगा और उस ने उन के लिए बड़ी अ़ज़मत वाला अज्र तयार कर रखा है,

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुह़म्मदिनिल बशीरिल मुबश्शिरि लिल आ़मिली न बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमुः अन्नी ला

उद़ीउ़ अ़ म ल आ़मिलिम मिन्कुम मिन ज़ क रिन औ उन्सा, व बिमा क़ा लः मन अ़ मि ल स़ालिह़म मिन ज़ क रिन औ उन्सा व हु व मुअमिनुन फ़ उलाइ क यदख़ुलू नल जन्न त युर्ज़कू न फ़ी हा बिग़ैरि ह़िसाबिन,

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार मोह़म्मद ﷺ पर जो अ़मल करने वालों को बशारत देने वाले और ख़ुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस ह़क़ के वास्त़े कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया,बेशक मैं तुम में से अ़मल करने वाले मर्द और औ़रत के अ़मल को ज़ाएअ़ नहीं करता, और इस ह़क़ के वास्त़े कि उस ने फ़रमाया : जिस ने भी नेक अ़मल किया मर्द या औ़रत में से इस ह़ाल में कि वह मोमिन है तो वह लोग जन्नत में दाख़िल होंगे, और उन्हें उस में बेह़िसाब रिज़्क़ दिया जाएगा,

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुह़म्मदिनिल बशीरिल मुबश्शिरि लिल अव्वा बी न बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमुः फ़ इन्नहू का न लिल्अव्वाबी न ग़फ़ूरन, लहुम्मा यशाऊ न इ़न्द रब्बिहिम ज़ालि क जज़ाउल

मुह़सिनी न।

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार मोह़म्मद ﷺ पर जो रुजूअ़ होने वालों को बशारत देने वाले और ख़ुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस ह़क़ के वास्ते कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया,बेशक वह रुजूअ़ होने वालों को बख़शने वाला है उनके लिए वह सब है जो वह चाहें उनके रब के पास, यह एह़सान करने वालों का बदला है,

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुह़म्मदिनिल बशीरिल मुबश़्शिरि लित्तव्वाबी न बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमुः इन्नल्ला ह युह़िब्बुत्तव्वाबी न व युह़िब्बुल मु त त़हहिरी न, व हुवल्लज़ी यक़्बलुत्तौ ब त अ़न इ़बादिही व यअ़फ़ू अ़निस्सय्यिआति,

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार मोह़म्मद ﷺ पर जो तौबा करने वालों को बशारत देने वाले और ख़ुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस ह़क़ के वास्ते कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया,बेशक अल्लाह तौबा करने वालों को पसन्द फ़रमाता है और सुथरा रहने वालों को मह़बूब बनाता है, वह वही है जो अपने बन्दों की तौबा क़बूल फ़रमाता है और

गुनाहों को मोआ़फ़ करदेता है,

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुह़म्मदिनिल बशीरिल मुबश्शिरि लिल्मुख़लिसी़ न बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमुः फ़ मन का न यरजू लि क़ा अ रब्बिही फ़ल्यअ़ मल अ़ म लन स़ालिह़वँ व ला युशरिक बिइ़बादति रब्बिही अ ह़दन, मुख़लिसी़ न लहुद्दी न,

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार मोह़म्मद ﷺ पर जो एख़लास़ वालों को बशारत देने वाले और खुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस ह़क़ के वास्ते कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया,पस जो अपने रब से मुलाक़ात का उम्मीद वार हो तो वह नेक अ़मल करे और अपने रब की इ़बादत के साथ किसी को शरीक न ठहराए, सिर्फ़ उसी के लिए अपने दीन को ख़ालिस़ करे,

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुह़म्मदिनिल बशीरिल मुबश्शिरि लिल्ख़ाशिई़ न बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमुः वस्तई़नू बिस़्स़ब्रि वस़्सलाति व इन्नहा ल कबीरतुन इल्ला अ़लल्ख़ाशिई़ न, अल्लज़ी न यजुन्नू न अन्नहुम

मुलाक़ू रब्बिहिम व अन्नहुम इलैहि राजिऊ न अल्लज़ी न यज़्कुरूनल्ला ह क़ियामवँ व कुऊ़दवँ व अ़ला जुनूबिहिम व य त फ़क्करू न फ़ी ख़ल्क़िस्समावाति वल अरदि रब्बना मा ख़लक़्त हाज़ा बाति़लन सुब्हा न क फ़क़िना अ़ज़ाबन्नारि,

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार मोहम्मद ﷺ पर जो डरने वालों को बशारत देने वाले और खुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस ह़क़ के वास्ते कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया, तुम मदद चाहो स़ब्र और नमाज़ से बेशक यह बहुत भारी है मगर उन पर जो डरने वाले हैं कि उन्हें अपने रब से मुलाक़ात का यक़ीन है और यह कि वह उसी की त़रफ़ पल्टेंगे, यह वह लोग हैं जो अल्लाह को याद करते हैं खड़े होकर, बैठ कर और अपनी करवटों पर और ग़ौरो फ़िक्र करते हैं आसमानो ज़मीन की पैदाइश में, ऐ हमारे पालनहार तूने इसे बेकार नहीं पैदा किया,तेरी ही पाकी है पस तू हमें आग के अ़ज़ाब से बचा ले,

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुह़म्मदिनिल बशीरिल मुबशशिरि लिल्मुस़ल्ली न बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमुः व

अक़िमिस़्सला त इन्नस़्सला त तन्हा अ़निल फ़ह़शाइ वल मुन्करि, अक़िमिस़्सला त वअमुर बिल मअ़रूफ़ि वन्ह अ़निलमुन्करि, वस़्बिर अ़ला मा असा़ ब क इन्न ज़ालि क मिन अ़ज़्मिल उमूरि,

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार मोह म्मद ﷺ पर जो नमाज़ियों को बशारत देने वाले और खुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस ह़क़ के वास्ते कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया, तुम नमाज़ क़ाएम रखो बेशक नमाज़ बेह़याई और बुरी बात से रोक देती है, तुम नमाज़ क़ाएम रखो, भलाई का हुक्म दो, बुराई से रोको और अपनी मुसीबत पर स़ब्र करो, बेशक यह बड़ी हिम्मत के काम हैं,

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुह़म्मदिनिल बशीरिल मुबश्शिरि लिस़्साबिरी न बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमुः इन्नमा युवफ़्फ़स़्साबिरू न अज्रहुम बिग़ैरि ह़िसाबिन,उलाइकल्लज़ी न हदाहुमुल्लाहु व उलाइ क हुम उलुल्अल्बाबि,

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार

मोहम्मद ﷺ पर जो सब्र करने वालों को बशारत देने वाले और खुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस हक़ के वास्ते कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया, बेशक वह सब्र करने वालों को उनका अज्र भरपूर देता है यह वह लोग हैं जिन्हें अल्लाह ने हिदायत दी और यही लोग अ़क़्ल वाले हैं,

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुहम्मदिनिल बशीरिल मुबश्शिरि लिल्ख़ाइफ़ी न बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमुः व लिमन ख़ा फ़ मक़ा म रब्बिही जन्नतानि व अम्मा मन ख़ा फ़ मक़ा म रब्बिही व नहन्नफ़्स अ़निल हवा, फ़ इन्नल जन्न त हियल मअवा,

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार मोहम्मद ﷺ पर जो ख़ौफ़ रखने वालों को बशारत देने वाले और खुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस हक़ के वास्ते कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया, और जो शख़्स अपने रब के हुजूर खड़ा होने से डरता है उसके लिए दो जन्नतें हैं, वह शख़्स जो अपने रब के हुजूर खड़ा होने से डरता रहा और उसने नफ़्स को ख़्वाहिशात से बाज़ रखा तो बेशक जन्नत ही(उसका) ठिकाना होगा,

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुह़म्मदिनिल बशीरिल मुबश्शिरि लिल्मुत्तक़ी न बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमुः व रह़मती व सि अ़त कुल्ल शैइन फ़ स अक्तुबुहा लिल्लज़ी न यत्तक़ू न व युअतूनज़्ज़का त वल्लज़ी न हुम बिआयातिना युअमिनू नल्लज़ी न यत्तबिऊ़ नर्रसूलन्नबी यल उम्मी य उलाइ क लहुम जज़ाउद्विअ़फ़ि बिमा अ़मिलू व हुम फ़िलग़ुरुफ़ाति आमिनू न,

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार मोह्म्मद ﷺ पर जो परहेज़गारों को बशारत देने वाले और ख़ुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस ह़क़ के वास्ते कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया,और मेरी रह़मत हर चीज़ पर वुस्अ़त रखती है पस मैं अ़नक़रीब इस रह़मत को उन लोगों के लिए लिख दूँगा जो परहेज़गारी एख़्तियार करते हैं और ज़कात देते हैं और वही लोग ही हमारी आयतों पर ईमान रखते हैं, यह वह लोग हैं जो उस रसूल की पैरवी करते हैं जो उम्मी नबी हैं, ऐसे ही लोगों के लिए दुगना अज्र है उनके अ़मल के बदले में, और वह जन्नत के बालाख़ानों में अम्नो अमान से होंगे,

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुह़म्मदिनिल बशीरिल मुबश्शिरि लिल्मुख़बिती न बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमु अल्लज़ी न इज़ा जुकिरल्लाहु वजिलत कुलूबुहुम वल्लज़ी न युअतू न मा आतौ व कुलूबुहुम व जिलतुन अन्नहुम इला रब्बिहिम राजिऊ़ न उलाइ क युसारिऊ़ न फ़िल ख़ैराति व हुम ल हा साबिकू न,

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार मोह़म्मद ﷺ पर जो आ़जेज़ी करने वालों को बशारत देने वाले और ख़ुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस ह़क़ के वास्ते कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया, यह वह लोग हैं कि जब अल्लाह को याद किया जाए तो इनके दिल डर जाते हैं, यह वह लोग हैं जो दिए हुए से देते हैं और इनके दिल डरते रहते हैं, वह अपने रब की त़रफ़ पलटने वाले हैं, यह वह लोग हैं जो नेक कामों में तेज़ी से बढ़ते हैं और वही इस में आगे निकल जाने वाले हैं;

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुह़म्मदिनिल बशीरिल मुबश्शिरि लिस़्साबिरी न बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमुः व

बशिरिस़्साबिरी नल्लज़ी न इज़ा असा बत्हुम मुसीबतुन क़ालू इन्ना लिल्लाहि व इन्ना इलैहि राजिऊ न, उलाइ क अ़लैहिम स़ ल वातुम मिर्रब्बिहिम व रह़ मतूँ व उलाइ क हुमुल मुहतदून, इन्नी जज़ैतुहुमुल यौ म बिमा स़ ब रू अन्नहुम हुमुल्फ़ाइजू न,

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार मोह़म्मद ﷺ पर जो स़ब्र वालों को बशारत देने वाले और खुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस ह़क़ के वास्ते कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया, और तुम इन स़ब्र करने वालों को बशारत दो कि जब उन्हें कोई मुसीबत पहुँचती है तो कहते हैं बेशक हम अल्लाह के लिए हैं और हम अल्लाह की त़रफ़ पलटने वाले हैं यही वह लोग हैं जिन पर उनके रब की त़रफ़ से पै दर पै नवाज़िशें हैं और रह़मतें हैं और यही लोग हिदायत याफ़्ता हैं, बेशक मैं ने उन्हें आज बदला दे दिया उसका जो उन्हों ने स़ब्र किया बेशक यही लोग कामयाब हैं,

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुह़म्मदिनिल बशीरिल मुबश्शिरि लिल्काज़िमी न बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमुः

वल्काज़िमीनल ग़ै ज़ वल्आ़फ़ी न अ़निन्नासि वल्लाहु युह़िब्बुल मुह़सिनी न फ़ मन अ़फ़ा व अस्ल ह़ फ़ अज्रुहू अ़लल्लाहि इन्नहू ला युह़िब्बुज़्ज़ालिमी न,

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार मोह़म्मद ﷺ पर जो बरदाश्त करने वालों को बशारत देने वाले और ख़ुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस ह़क़ के वास्ते कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया, और(यह वह लोग हैं) जो ग़ुस्सा ज़ब्त करने वाले हैं और लोगों से दरगुज़र करने वाले हैं और अल्लाह एह़सान करने वालों से मोह़ब्बत फ़रमाता है, पस जिसने मुआ़फ़ कर दिया और सुलह़ चाहा तो उसका अज्र अल्लाह पर है, बेशक वह ज़ुल्म करने वालों को पसन्द नहीं करता,

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुह़म्मदिनिल बशीरिल मुबश्शिरि लिल्मुह़सिनी न बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमुः व अह़सिनू इन्नल्ला ह युह़िब्बुल मुह़सिनी न, मन जा अ बिल ह़ स न ति फ़ लहू अ़श्रु अम्सालि हा व मन जा अ बिस्सय्यिआति फ़ला युज ज़ा इल्ला मिस्ल हा व हुम ला युज़्लमू न,

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार मोहम्मद ﷺ पर जो एहसान करने वालों को बशारत देने वाले और खुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस हक़ के वास्ते कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया, और तुम ख़ूब एहसान करो बेशक अल्लाह एहसान करने वालों को पसन्द फ़रमाता है, जो कोई एक नेकी लाएगा तो उसके लिए उस जैसी दस नेकियाँ हैं ,और जो एक गुनाह लाएगा तो उसको उस जैसे एक गुनाह के सिवा सज़ा नहीं दी जाएगी, और उन पर जुल्म नहीं किया जाएगा,

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुहम्मदिनिल बशीरिल मुबश्शिरि लिश्शाकिरी न बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमुः वश्कुरू लिल्लाहि इन कुन्तुम इय्याहु तअ़बुदू न ल इन श कर तुम ल अज़ी दन्नकुम,

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार मोहम्मद ﷺ पर जो शुक्र करने वालों को बशारत देने वाले और खुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस हक़ के वास्ते कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया, और तुम अल्लाह का शुक्र अदा करो अगर तुम उसी की इबादत करते हो, अगर तुम शुक्र अदा करोगे तो मैं तुम पर ज़रूर एज़ाफ़ा करूँगा,

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुह़म्मदिनिल बशीरिल मुबश्शिरि लिल मुनफ़िक़ी न बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमु व मिम्मा र ज़क़्नाहुम युनफ़िक़ू न, व मा अन फ़क़्तुम मिन शैइन फ़ हु व युख़लिफ़ुहू व हु व ख़ैरुर्राज़िक़ी न,।

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार मोह़म्मद ﷺ पर जो खर्च करने वालों को बशारत देने वाले और खुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस ह़क़ के वास्ते कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया, और हमने उन्हें जो दिया है उस में से ख़र्च करते हैं, और तुम जो कुछ भी ख़र्च करोगे तो वह उसके बदले में और देगा और वह सबसे बेहतर रिज़्क़ देने वाला है,

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुह़म्मदिनिल बशीरिल मुबश्शिरि लिल्मु त स़द्दिक़ी न बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमुः व अन त स़द्दक़ू ख़ैरुल्लकुम इन्नल्ला ह यज ज़िल मु त स़द्दिक़ी न,

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार

मोह़म्मद ﷺ पर जो स़दक़ा देने वालों को बशारत देने वाले और ख़ुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस ह़क़ के वास्त़े कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया, और ये कि तुम ख़ूब स़दक़ा करो, तुम्हारे लिए बेहतर है बेशक अल्लाह ख़ूब स़दक़ा करने वालों को बदला देता है,।

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुह़म्मदिनिल बशीरिल मुबश्शिरि लिस्साइली न बिमा क़ाललाहुल अ़ज़ीमुः फ इन्नी क़रीबुन उजीबु दअ़वतद्दाइ इज़ा दआ़नि, व क़ा ल रब्बुकुम उदऊ़नी अस्तजिब ल कुम,

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार मोह़म्मद ﷺ पर जो माँगने वालों को बशारत देने वाले और ख़ुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस ह़क़ के वास्त़े कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया, बेशक मैं क़रीब हूँ मैं पुकारने वाले की पुकार का जवाब देता हूँ जब वह मुझे पुकारे, और तुम्हारे रब ने फ़रमाया तुम मुझ से दुआ़ करो मैं तुम्हारी दुआ़ क़बूल करूँगा,।

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुह़म्मदिनिल बशीरिल मुबश्शिरि

लिस़्सालिह़ी न बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमुः अन्नल्अर्द़ यरिसु हा इ़बादियस़्सालिहू न, उलाइ क हुमुल वारिसू न, अल्लज़ी न यरिसूनल फ़िरदौ स हुम फ़ी हा ख़ालिदू न,

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार मोह्म्मद ﷺ पर जो नेक लोगों को बशारत देने वाले और ख़ुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस ह़क़ के वास्ते कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया, बेशक ज़मीन के वारिस मेरे नेक बन्दे होते हैं, यही लोग वारिस हैं जो जन्नत के सब से अअ़ला बाग़ात की विरासत पाएंगे, वह उन में हमेशा रहेंगे,

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुह़म्मदिनिल बशीरिल मुबश्शिरि लिल मुस़ल्ली न बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमुः इन्नल्ला ह व मलाइ क त हू युस़ल्लू न अ़लन्नबिय्यि या अय्युहल्लज़ी न आमनू स़ल्लू अ़लैहि व सल्लिमू तसलीमन, युअतिकुम किफ़्लैनि मिर्रह़मतिही व यज्अ़ल्लकुम नूरन तमशू न बिही व यग़फ़िर ल कुम वल्लाहु ग़फ़ूरुर्रह़ीमुन,

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार

मोह़म्मद ﷺ पर जो दुरूद भेजने वालों को बशारत देने वाले और ख़ुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस ह़क़ के वास्ते कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया, बेशक अल्लाह और उस के फ़िरिश्ते नबी ﷺ पर दुरूद भेजते हैं ऐ ईमान वालो तुम भी उन पर ख़ूब ख़ूब दुरूदो सलाम भेजो, वह तुम्हें अपनी रह़मत के दो ह़िस्से अ़ता फ़रमाएगा और तुम्हारे लिए नूर पैदा फ़रमा देगा जिस में तुम चला करोगे और तुम्हारी मग़फ़िरत फ़रमा देगा और अल्लाह बहुत बख़शने वाला बड़ा रह़म फ़रमाने वाला है,

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुह़म्मदिनिल बशीरिल मुबश्शिरि लिल मुबश्शिरी न बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमुः व बश्शिरिल्लज़ी न आमनू व अ़मिलुस्सालिह़ाति, लहुमुल बुशरा फ़िल ह़या तिद्दुन्या व फ़िल आख़िरति ला तब्दी ल लि कलिमातिल्लाहि ज़ालि क हुवल फ़ौज़ुल अ़ज़ीमु,

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार मोह़म्मद ﷺ पर जो बशारत देने वालों को बशारत देने वाले और ख़ुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस ह़क़ के वास्ते कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया, और आप ﷺ ईमान वालों और नेक

काम करने वालों को ख़ुशख़बरी सुनाएँ, उनके लिए दुन्या की ज़िन्दगी में बशारत है और आख़िरत में भी, अल्लाह के फ़रमान बदला नहीं करते यही अ़ज़ीम कामयाबी है,

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुह़म्मदिनिल बशीरिल मुबश्शिरि लिल फ़ाइज़ी न बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमुः व मँय्युति़इ़ल्ला ह व रसूलहू फ़ क़द फ़ा ज़ फ़ौज़न अ़ज़ीमन,

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार मोह़म्मद ﷺ पर जो कामयाब लोगों को बशारत देने वाले और ख़ुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस ह़क़ के वास्त़े कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया, जिस ने अल्लाह और उसके रसूल ﷺ की एत़ाअ़त की यक़ीनन उसने बड़ी कामयाबी पाई,

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुह़म्मदिनिल बशीरिल मुबश्शिरि लिज़्ज़ाहिदी न बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमुः अलमालु वल बनू न ज़ीनतुल ह़यातिद्दुन्या वल बाक़ियातुस्सालिह़ातु ख़ैरुन इ़न्द रब्बि क सवाबवँ व ख़ैरुन अ म लन,

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार मोहम्मद ﷺ पर जो कनारह कश रहने वालों को बशारत देने वाले और खुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस हक़ के वास्ते कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया, माल और औलाद दुन्यावी ज़िन्दगी की ज़ीनत हैं और बाक़ी रहने वाली सिर्फ़ नेकियाँ हैं जो तम्हारे रब के नज़्दीक सवाब के लिहाज़ से बेहतर हैं और आरजू के लिहाज़ से भी ख़ूब तर हैं,

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुह़म्मदिनिल बशीरिल मुबश्शिरि लिल उम्मीयी न बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमुः कुन्तुम ख़ै र उम्मतिन उख़रिजत लिन्नासि तअमुरू न बिल मअ़रूफ़ि व तन हौ न अ़निल मुन्करि,

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार मोहम्मद ﷺ पर जो उम्मतियों को बशारत देने वाले और खुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस हक़ के वास्ते कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया, तुम बेहतरीन उम्मत हो जो सब लोगों के लिए ज़ाहिर किए गए हो तुम अच्छी बात का हुक्म देते हो और बुरी बात से रोकते हो,

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला

सय्यिदिना मुह़म्मदिनिल बशीरिल मुबश्शिरि लिल मुस्त़फ़ी न बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमुः सुम्म औरस्नल किताबल्लज़ी नस्त़फ़ै ना मिन इ़बादि ना फ़ मिन्हुम ज़ालिमुल्लिनफ़्सिही, व मिनहुम मुक़्तसिदुँ व मिन्हुम साबिकुम बिल्ख़ैराति बिइ़ज़्निल्लाहि जा लि क हु वल फ़द़लुल कबीरु,

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार मोह़म्मद ﷺ पर जो चुने हुए लोगों को बशारत देने वाले और खुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस ह़क़ के वास्त़े कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया, फिर हमने इस किताब का वारिस ऐसे लोगों को बनाया जिन्हें हमने अपने बन्दों में से चुन लिया तो उन में से कुछ अपनी जान पर ज़ुल्म करने वाले हैं और उनमें से कुछ लोग दर्मियान में रहने वाले हैं और कुछ लोग अल्लाह के हुक्म से नेकियों में आगे बढ़ जाने वाले भी हैं, यही बड़ा फ़ज़्ल है,

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुह़म्मदिनिल बशीरिल मुबश्शिरि लिल मुज़्निबी न बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमुः कुल या इ़बादियल्लज़ी न अस्रफ़ू अ़ला अनफ़ुसिहिम ला

तक़्नतू मिर्रह़मतिल्लाहि इन्नल्ला ह यग़फ़िरुज़्ज़ुनू ब जमीअ़न इन्नहू हु वल ग़फ़ूरुर्रह़ीमु ,

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार मोह़म्मद ﷺ पर जो गुनहगारों को बशारत देने वाले और ख़ुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस ह़क़ के वास्ते कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया, आप ﷺ फ़रमा दें ऐ मेरे वह बन्दो जिन्हों ने अपनी जानों पर जुल्म कर लिया है तुम अल्लाह की रह़मत से मायूस न हो बेशक अल्लाह तमाम गुनाहों को बख़्श देता है, बेशक वही बहुत बख़्शने वाला बड़ा रह़म फ़रमाने वाला है,

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुह़म्मदिनिल बशीरिल मुबश्शिरि लिल मुस्तग़फ़िरी न बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमु व मँय्यअ़मल सूअन औ यज़्लिम नफ़ सहू सुम्म यस्तग़फ़िरिल्ला ह यजिदिल्ला ह ग़फ़ूरर्रह़ीमन,

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार मोह़म्मद ﷺ पर जो बख़्शिश चाहने वालों को बशारत देने वाले और ख़ुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस ह़क़ के वास्ते कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया, जिसने बुरा काम किया या अपनी जान पर जुल्म किया फिर वह अल्लाह से बख़्शिश चाहे तो वह

अल्लाह को पाएगा बहुत बख़्शने वाला बड़ा रहम करने वाला,

अल्लाहुम्म सल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुह़म्मदिनिल बशीरिल मुबश्शिरि लिल आ़बिदी न बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमु इन्नल्लज़ी न स ब क़त लहुम मिन्नल हुस्ना उलाइ क अ़न्हा मुब्अ़दू न, ला यस मऊ़ न ह़सीसहा व हुम फ़ी मश त हत अन्फ़ुसुहुम ख़ालिदू न ला यह़ज़ुनुहुमुल फ़ ज़ उ़ल अकबरु व त त लक़्क़ाहुमुल मलाइ क तु हाज़ा यौमुकुमुल्लज़ी कुन्तुम तू अ़दू न,

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार मोह़म्मद ﷺ पर जो इ़बादत करने वालों को बशारत देने वाले और ख़ुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस ह़क़ के वास्ते कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया, बेशक जिन लोगों के लिए पहले से ही हमारी त़रफ़ से भलाई मुक़र्रर हो चुकी है वह उस जहन्नम से दूर रखे जाएंगे वह उस की आहट भी न सुनेंगे और वह उन में हमेशा रहेंगे जिन की उनके दिल ख़्वाहिश करेंगे, सबसे बड़ी हौलनाकी उन्हें रन्जीदह न करेगी और फ़िरिश्ते उनका इस्तेक़बाल करेंगे कि यह तुम्हारा ही दिन है कि जिसका तुमसे वादा किया

जाता था,

अल्लाहुम्म स़ल्लि व सल्लिम अ़ला सय्यिदिना मुह़म्मदिनिल बशीरिल मुबश्शिरि लिल्मुस्लिमी न बिमा क़ालल्लाहुल अ़ज़ीमुः इन्नल मुस्लिमी न वल मुस्लिमाति वल मुअमिनी न वल मुअमिनाति वल क़ानिती न वल क़ानिताति वस़्स़ादिक़ी न वस़्स़ादिक़ाति वस़्स़ाबिरी न वस़्स़ाबिराति वल ख़ाशिई़ न वल ख़ाशिअ़ाति वल्मु त स़द्दिक़ी न वल मु त स़द्दिक़ाति वस़्स़ाइमी न वस़्स़ाइमाति वल ह़ाफ़िज़ी न फ़ुरू जहुम वल ह़ाफ़िज़ाति वज़्ज़ाकिरीनल्लाह कसीरवँ वज़्ज़ाकिराति अ अ़द्दल्लाहु लहुम मग़फ़िरतवँ व अज रन अ़ज़ीमन, व अल्लै स लिल इनसानि इल्ला मा सअ़ा, व अन्न सअ़ यहू सौ फ़ युरा सुम्म युज ज़ाहुल्जज़ा अल औफ़ा व अन्न इला रब्बिकल मुन्त ह व स़ल्लल्लाहु अ़ला सय्यिदि न मुह़म्मदिवँ व अ़ला आलिही व स़ह़बिही व सल्ल म

ऐ हमारे अल्लाह तू दुरूदो सलाम भेज हमारे सरदार मोहम्मद ﷺ पर जो मुसलमानों को बशारत देने वाले और

खुशख़बरी सुनाने वाले हैं इस ह़क़ के वास्ते कि अ़ज़मत वाले अल्लाह ने फ़रमाया, बेशक मुसलमान मर्द और मुसलमान औ़रतें और मोमिन मर्द और मोमिन औ़रतें, और फ़रमाँबरदार मर्द, फ़रमाँ बरदार औ़रतें, सच्चे मर्द, सच्ची औ़रतें, स़ब्र वाले मर्द, स़ब्र वाली औ़रतें, आ़जेज़ी वाले मर्द, आ़जेज़ी वाली औ़रतें, स़दक़ा व ख़ैरात करने वाले मर्द, स़दक़ा व ख़ैरात करने वाली औ़रतें, रोज़हदार मर्द, रोज़हदार औ़रतें, अपनी शर्मगाहों की ह़िफ़ाज़त करने वाले मर्द, और ह़िफ़ाज़त करने वाली औ़रतें, कस्रत से अल्लाह का ज़िक्र करने वाले मर्द और ज़िक्र करने वाली औ़रतें अल्लाह ने इन सब के लिए बख़्शिश और अ़ज़ीम अज्र तयार कर रखा है इनसान के लिए वही है जिस की वह कोशिश करे और यह कि उस की कोशिश अ़नक़रीब देखी जाएगी फिर उसे पूरा बदला दिया जाएगा और यह कि (बिल आख़िर सबको) आप के रब ही की त़रफ़ पहुँचना है, और अल्लाह दुरूदो सलाम नाज़िल फ़रमाए हमारे सरदार म ो ह् म म द ﷺ पर और आप ﷺ की आले पाक पर और आप ﷺ के अस्ह़ाबे पाक पर ।

बिस्मिल्लाहिर्रह़मानिर्रह़ीम

फ़ज़ाएले रूह़ानी ज़िक्रे ईद मीलादुन्नबी ﷺ व सलामे मुह़म्मदी ﷺ चहल मीम ग़ैर मन्कूत़ व दुआए अस्रारे क़ल्बी

अल्लाह तबार क व तआ़ला का बे इन्तेहा रह़मो करम है और उसके ह़बीब रह़मतुल्लिल आ़लमीन ﷺ की बे इन्तेहा रह़मतो शफ़्क़त है कि पेशे नज़र रूह़ानी ज़िक्रे ईद मीलादुन्नबी ﷺ को हुज़ूर ग़ौसुल अअ़ज़म व हुज़ूर ख़्वाजा ग़रीब नवाज़ और ह़ज़रात मख़्दूमीन सादात चौदहों पीराँ रदि़यल्लाहु अ़न्हुम की रूह़ानी व इरफ़ानी ख़ुसूसी तवज्जुहात से आसतानए आ़लिया ह़ज़रात मख़्दूमीन सादात चौदहों पीराँ रदि़यल्लाहु अ़न्हुम पर तरतीब देने की तौफ़ीक़ अ़ता हुई इस रूह़ानी ज़िक्रे ईद मीलादुन्नबी ﷺ में ल हुल अस्माउल हुस्ना(उसके लिए अच्छे नाम हैं)का फ़ैज़, ल हुमुल बुश्रा फ़िल ह़यातिदुन्या व फ़िल आख़िरति(उनके लिए बशारत है दुन्यवी ज़िन्दगी में और आख़िरत में) की बशारते सादेक़ा और वअ़बुद रब्ब क ह़त्ता यअति य कल

